आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. लिटिल अंडमान में पहली बार 'लिटिल अंडमान प्रो–2026' नामक राष्ट्रीय स्तर की सर्फिंग चैंपियनशिप का आयोजन–कल मुख्य सचिव ने किया उद्घाटन।
2. वन प्रशिक्षण संस्थान, विम्बर्लीगंज ने वनपालों के 53वें बैच के प्रशिक्षण का समापन हो गया है।
3. प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदर ने स्वास्थ्य सचिव से बिल्लीग्राउंड पीएचसी में डायलिसिस यूनिट की स्थापना की मांग की है।
4. जहाजरानी सेवा निदेशालय ने मुख्यभूमि और अंतर–द्वीपीय क्षेत्रों के जलयान यात्रा कार्यक्रमों में संशोधन किया है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, भारतीय सर्फिंग फेडरेशन के सहयोग से, पहली बार लिटिल अंडमान में 'लिटिल अंडमान प्रो–2026' नामक राष्ट्रीय स्तर की सर्फिंग चैंपियनशिप का आयोजन करने जा रहा है। यह चैंपियनशिप 9 से 12 अप्रैल तक बटलर बे बीच पर आयोजित होगा। चार दिवसीय इस चैंपियनशिप में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगियों सहित लगभग 86 सर्फर हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता पुरुष और महिला वर्ग में 'ओपन सर्फिंग शॉर्टबोर्ड' और 'ओपन स्टैंड–अप पैडलबोर्ड' श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन कल मेगापोड नेस्ट में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय सर्फिंग फेडरेशन के प्रतिनिधि और देश भर से आए सर्फर मौजूद थे। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि इस आयोजन से द्वीप समूह की वैश्विक दृश्यता बढ़ेगी। उन्होंने द्वीप के युवाओं को इस खेल से जुड़ने और खिलाड़ियों को खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव ने उम्मीद जताई कि यह आयोजन 'प्रीमियम' और साहसिक पर्यटकों को लिटिल अंडमान की ओर आकर्षित करेगा। पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी ने इसे एक दीर्घकालिक विजन की शुरुआत बताया, जिसका लक्ष्य लिटिल अंडमान को राष्ट्रीय और वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख सर्फिंग गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

<><><><><><><>

वन प्रशिक्षण संस्थान, विम्बर्लीगंज ने वनपालों के 53वें बैच के प्रशिक्षण का समापन हो गया है। समापन समारोह में प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में और मुख्य वन संरक्षक एस. दिनेश कन्नन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। संस्थान के निदेशक अजीत वी. जॉन ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर प्रशिक्षुओं की उपलब्धियों का विवरण पेश किया। विशिष्ट अतिथि ने संस्थान के प्रशिक्षण मानकों की सराहना करते हुए प्रशिक्षुओं से समर्पण के साथ सेवा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शुभम हलदर को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। 'पिपिंग समारोह' के माध्यम से प्रशिक्षुओं को औपचारिक रूप से सेवा में शामिल किया गया और उन्हें निष्ठा और प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई गई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने द्वीप समूह में जैव विविधता संरक्षण और सतत प्रबंधन में वनपालों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित मत्स्य संग्रहालय–सह–एक्वेरियम को मरम्मत कार्य के बाद अब पुनः खोल दिया गया है। मत्स्य संग्रहालय–सह–एक्वेरियम में समुद्री जीवन की समृद्ध विविधता के साथ–साथ द्वीपों की विशिष्ट प्रजातियों को भी प्रदर्शित किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदर ने स्वास्थ्य सचिव से मध्योत्तर अंडमान के बिल्लीग्राउंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस यूनिट की स्थापना के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। अपने लिखे पत्र में, श्री हलदर ने बिल्लीग्राउंड पीएचसी में डायलिसिस सुविधा स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए इस क्षेत्र में गुर्दे से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे रोगियों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, मरीजों को डायलिसिस सेवाओं के लिए लगभग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंगत या सीएचसी मायाबंदर जाना पड़ता है। श्री हलदर ने कहा कि बिलीग्राउंड पीएचसी में डायलिसिस यूनिट की स्थापना से क्षेत्र में न केवल आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार होगा, बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी कम होगा।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने एम वी स्वराज द्वीप, एम वी कैंपबेल बे और एम वी नालंदा के मुख्यभूमि के यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया है। अब एम वी स्वराज द्वीप 11 अप्रैल को सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई और 21 अप्रैल को विशाखापत्तनम जाएगा। जहाज 3 और 26 मई को विशाखापत्तनम और 14 मई को चेन्नई के लिए प्रस्थान करेगा, जबकि 7 जून को चेन्नई और 19 जून को सुबह 10 बजे विशाखापत्तनम जाएगा। एम वी नालंदा 3 मई को सुबह 9 बजे ननकौड़ी और कैम्पबेल बे होते हुए चेन्नई के लिए, जबकि 16 मई को सुबह 8 बजे मायाबंदर होते हुए कोलकाता जाएगा। उधर, एम वी कैम्पबेल बे 18 जून को सुबह नौ बजे श्री विजयपुरम से ननकौड़ी और कैम्पबेल बे होते हुए चेन्नई के लिए प्रस्थान करेगा। यह कार्यक्रम मौसम की स्थिति पर निर्भर हैं। जिन यात्रियों ने टिकटें खरीदी हैं, वे उसी टिकट पर संशोधित कार्यक्रम के अनुसार यात्रा कर सकते है।

<><><><><><>

एम वी कैंपबेल बे और एम वी सिंधु के कोलकाता से लौटने में हो रही देरी के कारण अंतर–द्वीपीय क्षेत्र के जलयान कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। संशोधित सारणी के अनुसार अब एम वी कालीघाट आज सुबह नौ बजे श्री विजयपुरम से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा और नौ अप्रैल को सुबह आठ बजे इन्हीं मार्गों से होते हुए श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। एमवी नालंदा 14 अप्रैल को श्री विजयपुरम से ननकौड़ी और कच्छाल होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा। उधर, एमवी कालीघाट के स्थान पर एम वी नालंदा 21 अप्रैल को सुबह नौ बजे ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जबकि 28 तारीख को ननकौड़ी और कच्छाल होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा।

<><><><><><>

पुलिस स्टेशन ननकौड़ी द्वारा ककाना, पिलपिलो, पोंधा और डेरिंग के समुद्री क्षेत्रों में अवैध शिकार विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उत्तरी ककाना तट के पास म्यांमार का एक संदिग्ध जहाज देखा गया जिसे पुलिस टीम ने भारतीय तटरक्षक बल के साथ समन्वय कर रोकने का प्रयास किया। जहाज को आइसल ऑफ मैन आइलैंड के पास रोक लिया गया, जहाँ शिकारी घने जंगल में भाग निकले। इसके बाद, 'सी सेंटिनल' नामक अभियान शुरू किया गया। पुलिस और सेना के जवानों की एक संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान में कुल 11 म्यांमारी शिकारियों को पकड़ा। उनके पास से टीम ने लगभग 800 किलोग्राम समुद्री खीरे भी बरामद किए। यह पूरा अभियान निकोबार जिला पुलिस अधीक्षक राहुल एल नायर के नेतृत्व में चलाया गया।

<><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने डीब्रेट में आईडीई बूटकैंप 2026 के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने इस समाचार के अलावा सांसद द्वारा शहीद द्वीप के लिए प्रत्यक्ष ओएफसी कनेक्टिविटी की मांग के समाचार को प्रमुखता दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने गर्ल्स स्कूल में प्री–योगा डे के समाचार को सचित्र छापा है। इंफो इंडिया ने जेएनआरएम में भारत के लौह पुरूष–समकालीन भारत में विरासत और प्रासंगिकता विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित करने के समाचार को, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने कैम्पबेल बे में हुए सड़क दुर्घटना के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><>